शिकायत — निर्माण कार्य कराए बिना मूल्यांकन और भुगतान की शिकायत

# सकरी पंचायत में प्रभारी सचिव पर मनमानी के आरोप

**बिना निर्माण के दो चबूतरों की राशि आहरण का आरोप**




**नवभारत, बालाघाट।** जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर रू600 ऑनलाइन भुगतान कराने का आरोप, दो चबूतरों के निर्माण में फर्जी बिल-बाउचर से राशि आहरण की शिकायत। जनपद सीईओ ने जाँच दल गठित करने की दी जानकारी।

बालाघाट जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सकरी में पदस्थ प्रभारी सचिव अनिता हनुवते के खिलाफ मनमानी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। शिकायतकर्ता राजकुमार हनुवते ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत प्रस्तुत कर जन्म प्रमाण पत्र के चालान के नाम पर रू600 ऑनलाइन भुगतान कराने तथा बिना निर्माण कार्य कराए चबूतरों की राशि आहरण किए जाने की जाँच की मांग की है।

वहीं, प्रभारी सचिव अनिता हनुवते ने आरोपों का खंडन करते हुए बताया कि उनके द्वारा जन्म प्रमाण पत्र के चालान के नाम पर मात्र रू100 लिए गए हैं।

शिकायत में बताया गया कि ग्राम सकरी में गत वर्ष दो चबूतरों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इनमें एक चबूतरे की स्वीकृत राशि रू1,75,000 तथा दूसरे चबूतरे की रू1,15,000 बताई गई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि दोनों चबूतरों का निर्माण कार्य आज दिनांक तक नहीं कराया गया, इसके बावजूद फर्जी बिल-बाउचर लगाकर राशि आहरण कर ली गई।

शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि निर्माण कार्य किए बिना ही संबंधित उपयंत्री द्वारा कार्य का मूल्यांकन एवं भौतिक सत्यापन कर दिया गया तथा सीसी जारी कर दी गई। इससे पंचायत में निर्माण कार्यों की निगरानी एवं शासकीय राशि के उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।



प्रभारी सचिव अनिता हनुवते ने चबूतरा निर्माण संबंधी आरोपों पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि दोनों चबूतरों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के बाद ही राशि आहरण किया गया है। उन्होंने बिना निर्माण के भुगतान एवं फर्जी बिल-बाउचर लगाने के आरोपों से इनकार किया।

मामले को लेकर जनपद पंचायत बालाघाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से दूरभाष पर जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि शिकायत की जाँच के लिए जाँच दल गठित किया गया है। एक-दो दिन में जाँच दल द्वारा जाँच की जाएगी। जाँच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उन्हें कार्रवाई के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा। ग्राम पंचायत सकरी में जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर राशि लिए जाने के आरोप तथा चबूतरा निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायत की गई है। अब जाँच दल की रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि निर्माण कार्य वास्तव में हुआ है या नहीं, मूल्यांकन एवं भौतिक सत्यापन नियमानुसार किया गया था या नहीं तथा शासकीय राशि के आहरण में कोई अनियमितता हुई है या नहीं।

### जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर 600 रूपये भुगतान कराने का आरोप

शिकायतकर्ता राजकुमार हनुवते ने आरोप लगाया कि अपनी बहन का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर प्रभारी सचिव द्वारा उनसे रू600 की राशि ली गई। यह भुगतान प्रभारी सचिव के पति के मोबाइल पर ऑनलाइन कराया गया। शिकायतकर्ता ने इस मामले की जाँच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने आदिवासी क्षेत्रों का किया भ्रमण

**स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा**



**नवभारत, बैहर।** मध्यप्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग के प्रमुख सचिव श्री गुलशन बामरा ने 18 सितंबर को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान बिरसा विकासखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। उन्होंने बिठली, कोरका, पाथरी, कुंडेकसा, घुम्मुर एवं आसपास के गांवों में ग्रामीणों से संवाद कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं शासन की योजनाओं से जुड़े विषयों की जानकारी ली। इस दौरान बैहर एसडीएम श्री अनिकेत शाण्डिल्य एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर उपस्थित रहीं।

भ्रमण की शुरुआत एकलव्य विद्यालय बैहर के निरीक्षण से हुई। प्रमुख सचिव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और विज्ञान विषयों के साथ पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने उन्हें अपने हाथों से बनाई पेंटिंग भेंट की, जिसकी उन्होंने सराहना की। इसके बाद श्री बामरा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिठली का निरीक्षण किया और मरीजों से उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। पाथरी के स्कूल एवं छात्रावास में उन्होंने विद्यार्थियों से छात्रावास की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्राचार्य से विद्यार्थियों को विज्ञान विषयों के लिए प्रेरित करने की बात कही, ताकि वे भविष्य में पैरामेडिकल क्षेत्र में सेवाएं दे सकें। उन्होंने कहा कि तकनीक और एआई के बढ़ते दौर में भी पैरामेडिकल स्टाफ की आवश्यकता बनी रहेगी।

प्रमुख सचिव ने घुम्मुर में ग्रामीणों से सिकल सेल बीमारी को लेकर चर्चा की। उन्होंने सिकल सेल से पीड़ित युवक-युवतियों के आपस में विवाह से बचने, बीमारी के प्रति जागरूक रहने और मरीजों की पहचान कर समय पर उपचार कराने की सलाह दी। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता पर ध्यान देने और कम उम्र में बच्चों का विवाह नहीं करने के लिए भी जागरूक किया। कुंडेकसा में अस्थायी अस्पताल का निरीक्षण कर उन्होंने मरीजों एवं मेडिकल स्टाफ से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली।

कोरका में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होकर श्री बामरा ने ग्राम कोदापार के 8 बैगा परिवारों को वन अधिकार पट्टे वितरित किए। इसके बाद उन्होंने खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बैगा जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ तत्परता से दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री रेशम सिंह धुर्वे, जनपद सीईओ श्री नितिन भट्ट, सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती विमला सैयाम, पीएचई एसडीओ श्री सत्यम पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जिले के 134 छात्राएं और 125 छात्र योजना के लिए पात्र

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना-2026 के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी क्रय हेतु राशि प्रदाय किए जाने का राज्य स्तरीय कार्यक्रम शनिवार, 19 सितंबर को शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी क्रय के लिए निर्धारित राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई।

### ग्रामीणों को अब स्थानीय स्तर पर मिलेंगी स्वास्थ्य सेवा

**नवभारत, बैहर।** जनजातीय बहुल विकासखंड बैहर के दूरस्थ ग्राम कुकर्रा में मंगलवार से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का पूर्ण रूप से संचालन प्रारंभ हो गया है। अस्पताल में मरीजों की जांच एवं उपचार से संबंधित आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से कुकर्रा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शत्रुघन दाहिया ने बताया कि कुकर्रा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की जांच, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सभी जरूरी सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। केंद्र में दो मेडिकल ऑफिसर, तीन फील्ड स्टाफ और एक गार्ड की पदस्थापना की गई है। आवश्यक स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता के साथ अस्पताल ने नियमित रूप से कार्य करना शुरू कर दिया है।

कुकर्रा क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से दूरस्थ होने के कारण यहां के ग्रामीणों को सामान्य बीमारी अथवा उपचार के लिए भी गढ़ी और बैहर स्थित स्वास्थ्य संस्थानों तक जाना पड़ता था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन से अब ग्रामीणों को अपने गांव के समीप ही चिकित्सकीय परामर्श, स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इससे समय और आवागमन के खर्च की बचत होने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर मरीजों को तत्काल प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध होगा।

### थाने के बाजू से खड़ी वैन में रखी सिगरेट के कार्टून पार

**जबलपुर।** बेलबाग थाने के बाजू से खड़ी वैन से चोर 60 हजार रूपए की सिगरेट से भरे कार्टून पार कर दिए। चोर सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए। बद्री प्रसाद पाण्डे 51 वर्ष निवासी न्यू कंचनपुर मेदा मिल के पास अधारताल ने रिर्पोट दर्ज कराई कि वह पान मासाला एवं सिगरेट की फेरी का व्यवसाय करता है मार्केट से लौट कर अपनी वैन क्रमांक एमपी 20 बीए 6487 थाने के बाजू से खड़ी करके अपने व्यापारिक मित्र की टू व्हीलर लेकर मुकादमगंज एक व्यापारी की दुकान गया था जहां से लौटरक अपनी वैन देखा वैन के आगे वाली सीट में रखे लगभग 60 हजार की सिगरेट के कार्टून गायब थे।

# डीएस कुशवाहा ने किया सांदीपनि विद्यालय का निरीक्षण

**शैक्षणिक गतिविधियों का लिया जायजा, नवीन भवन निर्माण में गुणवत्ता सुधार के दिए निर्देश**



**नवभारत, कटंगी।** मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय, कटंगी में संचालक, डीपीआई भोपाल डी.एस. कुशवाहा का निरीक्षण हुआ। इस अवसर पर एडीपीसी मोहित डेहरिया भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की समस्त शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से चर्चा कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय में निर्माणाधीन नवीन भवन का भी अवलोकन किया तथा मौके पर उपस्थित साइट इंजीनियर को निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार एवं गुणवत्ता संबंधी निर्देश दिए। इस अवसर पर विकासखंड अधिकारी सी.एस. कसराम एवं विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 94 वर्षों से जारी है सिद्ध गणेश उत्सव की गौरवशाली परम्परा

**नवभारत, उकवा।** ग्राम पोंडी में सार्वजनिक सिद्ध गणेश उत्सव की परंपरा वर्ष 1933 से निरंतर चली आ रही है। 24 अगस्त 1933, गुरुवार को स्व श्री परसराम पटेल पूर्व मालगुजार एवं स्व श्री शिवनाथ लाला एवं गांव के जागरूक, धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी नागरिकों ने सामूहिक रूप से भगवान श्री सिद्ध गणेश की प्रतिमा स्थापित कर सार्वजनिक गणेश उत्सव का शुभारंभ किया था। आज यह परंपरा 94वें वर्ष में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है।



गणेश उत्सव की शुरुआत केवल धार्मिक आयोजन के रूप में नहीं हुई थी, बल्कि इसके माध्यम से ग्रामीणों में सामाजिक एकता, सद्भाव, सांस्कृतिक जागरूकता और लोक सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। समय के साथ गांववासियों के सहयोग और सहभागिता से उत्सव का स्वरूप और भी भव्य होता गया।

उत्सव की 94 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव आए, लेकिन ग्रामवासियों की आस्था और सामूहिक प्रयासों के चलते इसकी परंपरा कभी नहीं रुकी। हर वर्ष गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक गांव में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहता है।

उत्सव के दौरान समय-समय पर देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन, धार्मिक आयोजन एवं विद्यालयीन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाता रहा है। नई पीढ़ी की सहभागिता से इस ऐतिहासिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।



# सर्व गुजराती समाज के अध्यक्ष चुने गए वैभव भाई कश्यप

**नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सहमंत्री, कोषाध्यक्ष सहित सदस्यों का भी हुआ चयन**

**नवभारत, बालाघाट।** सर्व गुजराती समाज की बैठक 18 सितंबर को शाम 6 बजे गुजराती समाजवाड़ी में आयोजित की गई। बैठक में समाज के वर्ष 2026-27 से 2028-29 तक के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी की सहमति से वैभव रतनलाल कश्यप को सर्व गुजराती समाज का अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के सदस्यों ने वैभव भाई कश्यप को बधाई दी। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज को आगे बढ़ाने और समाज से जुड़े कार्यों को बेहतर तरीके से करने में मदद मिलेगी। वैभव भाई कश्यप ने भी सभी सदस्यों का आभार जताते हुए समाज के सभी लोगों के सहयोग से काम करने की बात कही।

नई कार्यकारिणी में चुन्नीलाल देवराम भाई पटेल और श्रीमती मीना शिशिर भाई चावड़ा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रकाश ईश्वर भाई पटेल को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई। वहीं दर्शन योगेश भाई राठोर और दिक्षेश रमेश भाई राठोर को सहमंत्री चुना गया। जितेंद्र रणजीत भाई परमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में धर्मेश रमेश भाई राठोर, गौरव मुकेश भाई परमार, निलेश घनश्याम भाई पटेल, विकास डायाभाई पटेल, देवाशिष दिलीप भाई टांक और लक्की चंदुभाई वाघेला को शामिल किया गया है। बैठक में समाज को एकजुट रखने और समाज के कामों को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि समाज के सभी लोगों के सहयोग से सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। समाज के कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे सभी सदस्यों के सहयोग से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक के अंत में समाज के सदस्यों ने अध्यक्ष वैभव भाई कश्यप सहित सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सिगरेट पीने की चुगली पर युवक की हत्या का प्रयास

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बड़ा पत्थर में सिगरेट की चुगली पर उपजे विवाद पर युवक की चाकू से गोदकर हत्या करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक अंशूल चौधरी 19 वर्ष निवासी पुरानी बस्तीझण्डा चौक रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे बड़ा पत्थर रांझी मेजर किराना के पीछे सिगरेट पी रहा था तो अमर ने उसके बडे भाई के दोस्त रोहित सेन को फोन कर बता दिया की अंशूल सिगरेट पी रहा है, इसी बात पर अमर से उसकी धक्का मुक्की विवाद हुआ था जो आसपास के लोगों ने झगडा शांत करा दिये थे कुछ देर बाद अमर ने अपने दोस्त काला चौधरी को बुला लिया।

# अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, महुआ लाहन और शराब जब्त



**नवभारत, कटंगी।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कटंगी पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने महुआ शराब निर्माण का गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में महुआ लाहन और कच्ची शराब जब्त की है।

पुलिस ने ढीमरटोला, वरुड और जमुनिया ग्राम के आसपास के खेतों और नदी-नालों में छिपाकर रखा गया 22 बोरियों में भरा महुआ लाहन और लगभग 50 लीटर तैयार महुआ शराब लावारिस हालत में बरामद किया। जब्त मशरूके की कीमत लगभग एक लाख पचास हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर ही लाहन को नष्ट कर दिया और शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की। लगातार हो रही इस कार्रवाई से अवैध शराब बनाने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# सर्व ब्राह्मण समाज भवन में गणेश उत्सव का हुआ आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा मोती नगर, वार्ड नंबर 26 स्थित भगवान श्री परशुराम ब्राह्मण समाज भवन में गणेश उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की स्थापना के साथ प्रारंभ हुए तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज के पदाधिकारियों, मातृशक्ति, बच्चों एवं सामाजिक बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और भगवान गणेश से जगकल्याण की प्रार्थना की।



आयोजन के तहत 16 सितंबर को प्रातः 10 बजे श्री गणेश स्थापना की गई। यह कार्यक्रम बच्चों में रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जिसमें 3 से 6 वर्ष तथा 7 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छोटे बच्चों के लिए 'पर्यावरण' तथा बड़े बच्चों के लिए 'श्री गणेश जी' विषय रखा गया। वहीं मातृशक्ति के लिए भगवान श्री गणेश को दूर्वा की माला अर्पित करने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

निर्देश — देवी तालाब मामले में कलेक्टर, सीएमओ समेत अफसरों को दो सप्ताह की मोहलत

# सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों की अनदेखी पर एनजीटी सख्त

**नपा सीएमओ को व्यक्तिगत शपथ-पत्र दाखिल करने के निर्देश**



**नवभारत, बालाघाट।** नगर के शासकीय देवी तालाब के संरक्षण और अतिक्रमण हटाने के मामले में राष्ट्रीय हरित अधिकरण भोपाल ने सख्त रुख अपनाया है। 18 सितंबर 2026 को हुई सुनवाई में न्यायाधिकरण ने पूर्व में दिए गए आदेशों के अनुपालन की स्थिति पर नाराजगी जताई और मुख्य नगरपालिका अधिकारी, बालाघाट को दो सप्ताह के भीतर व्यक्तिगत शपथ-पत्र के साथ कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मामले में सुप्रीम कोर्ट के जलस्त्रोत संरक्षण संबंधी आदेशों के अनुपालन तथा एनजीटी के पूर्व आदेशों पर भी जोर दिया गया है।

वहीं नगरपालिका को तालाब की सफाई, ठोस एवं प्लास्टिक कचरे की रोकथाम और खरपतवारों को वैज्ञानिक तरीके से हटाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई करने तथा वन विभाग के साथ तालाब की परिधि में स्थानीय प्रजातियों का सघन पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि निर्धारित समय में इन निर्देशों का अपेक्षित रूप से पालन नहीं हुआ।

एनजीटी के आदेशों के कथित अनुपालन न होने पर याचिकाकर्ताओं की ओर से निष्पादन याचिका क्रमांक ईए/13/2026दाखिल की गई। 24 जुलाई 2026 को एनजीटी ने प्रमुख सचिव वन विभाग, कलेक्टर बालाघाट, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अनुविभागीय अधिकारी बालाघाट और मुख्य नगरपालिका अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

### 27 अप्रैल के आदेश पर अमल नहीं होने का आरोप

देवी तालाब को प्रदूषणमुक्त कर उसके मूल स्वरूप में संरक्षित करने के लिए बालाघाट निवासी द्वारका नाथ चौधरी एवं प्रदीप परांजपे की ओर से एनजीटी भोपाल में ओए/130/2025 प्रस्तुत किया गया था। इस मामले में एनजीटी ने 27 अप्रैल 2026 को आदेश जारी करते हुए कलेक्टर बालाघाट को वेटलैंड नियम, 2017 की धारा 4 के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा तालाब से अतिक्रमण हटाने सहित प्रतिबंधित क्षेत्र में सीमांकन, बाड़बंदी और चेतावनी/संकेतक लगाने के निर्देश दिए थे।



## बालाघाट स्नातक महाविद्यालय गर्रा बालाघाट

**आवश्यकता है**

राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा परिनियम कालेज कोड–28 (17) के अंतर्गत बालाघाट स्नातक महाविद्यालय गर्रा, बालाघाट में बी.एड. पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है । आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी समस्त प्रमाण पत्रों सहित छायाप्रति एवं 02 फोटो सहित नियुक्ति हेतु निर्धारित तिथि में आवेदन पत्र महाविद्यालय में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप से जमा करें ।

| क0 | पद | विषय | रिक्त पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक | ललित कला (आर्ट् एंड क्राफ्ट) | 01 | संबंधित विषय में स्नातक में 55%, स्नातकोत्तर में 55%, पी.एच.डी./यू.जी.सी. नेट को वरीयता दी जायेगी |
| 2. | सहायक प्राध्यापक | शारीरिक शिक्षा (फिजीकल एजुकेशन) | 01 | संबंधित विषय में स्नातक में 55%, स्नातकोत्तर (M.P.Ed) में 55%, पी.एच.डी./यू.जी.सी. नेट को वरीयता दी जायेगी |
| 3. | सहायक प्राध्यापक | दर्शनशास्त्र (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य) | 01 | एम.एड. 55%, संबंधित विषय में स्नातकोत्तर 55%, पी.एच.डी./यू.जी.सी.नेट/स्लेट अनिवार्य |
| 4. | सहायक प्राध्यापक | शिक्षण विषय (विज्ञान) | 01 | एम.एड. 55%, संबंधित विषय में स्नातकोत्तर 55%, पी.एच.डी./यू.जी.सी.नेट/स्लेट अनिवार्य |
| 5. | सहायक प्राध्यापक | मनोविज्ञान (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य) | 01 | एम.एड. 55%, संबंधित विषय में स्नातकोत्तर 55%, पी.एच.डी./यू.जी.सी.नेट/स्लेट अनिवार्य |

नोट – उपरोक्त पदों के लिये चयन यू.जी.सी./एन.सी.टी.ई. के नियमों के आधार पर किया जायेगा । वेतन एवं आरक्षण में यू.जी.सी. एवं मध्यप्रदेश शासन के नियमों का पालन किया जायेगा । आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर विज्ञापन दिनांक से 21 दिवस के भीतर दिनांक 11.10.2026, समय शाम 5.00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

दिनांक 20.9.2026

संचालक
बालाघाट स्नातक महाविद्यालय गर्रा, बालाघाट

पता – मांझापुर रोड़, गर्रा बालाघाट, पिन 481001, मो.नं. 7999566467, 9424836186